तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, मंगलवार 17 सितंबर 2024

11 वृंदादेवी धाम आगेसरा में हुई रामधुनी प्रतियोगिता



12 डीजे पर प्रतिबंध, जनप्रतिनिधियों में नाराजगी





## खबर संक्षेप

### श्रीराम नाम सप्ताह यज्ञ का समापन आज

**बालोद।** ग्राम मुढ़िया सुरेगांव में श्रीराम नाम सप्ताह यज्ञ का आयोजन 15 सितंबर से जारी है, जिसका समापन 17 सितंबर को होगा। इसके तहत 15 सितंबर को स्थापना एवं पूजन अर्चना किया गया तथा 16 सितंबर को जय मां सरस्वती गेड़ी नृत्य रामधुनी एवं फाग परिवार, माटराखुज्जी व श्री भक्ति सागर रामधुनी मंडली मनौद की प्रस्तुत हुई। वहीं 17 सितंबर को सुबह 11 बजे जय मां कर्मा रामधुनी मंडली की प्रस्तुत होगी।

### स्कूल में पेवर ब्लाक लगाने विधायक ने किया भूमिपूजन



**डौंडीलोहारा।** विधायक अनिला भेड़िया ने ग्राम भरदा के प्राथमिक विद्यालय परिसर में पेवर ब्लॉक का भूमि पूजन कर ग्रामीणों को सौगात दी। इस अवसर पर विधायक ने कहा गांव की जरुरतों को पूरा करने का प्रयास कर रही हूं, आप लोगों ने विश्वास से लगातार तीसरी बार क्षेत्र का सेवा करने का अवसर दिए हैं। इसके लिए आप सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। इस अवसर पर प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा, ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोपाल प्रजापति, जनपद सदस्य लक्ष्मी भोयर, रवि कुमार साहू सरपंच, सेवानिवृत्त शिक्षक रान्डे एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

### किल्लेकोडा में रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन आज

**डौंडीलोहारा।** वनांचल क्षेत्र में स्थित ग्राम किल्लेकोडा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणेश विसर्जन एवं भगवान विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर भव्य रिकॉर्डिंग डांस प्रतियोगिता का आयोजन 17 सितंबर को किया जाएगा। जिसमें सामूहिक नृत्य, युगल नृत्य, एकल नृत्य प्रतियोगिता होगी। कुआं चौक गणेश उत्सव समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिन्हा, उपाध्यक्ष नीलकंठ विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष कुशल देवदास, सचिव यशवंत कुमार भंडारी, सह सचिव तामेश्वर, संयोजक तरुण राणा और संरक्षक निर्भय भंडारी हैं। जिनके नेतृत्व में इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन पिछले 11 वर्षों से लगातार किया जा रहा है।

### शराब दुकान मैनेजर को मारने की सुपारी ली आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** सुपेला स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के मैनेजर को जान से मारने की सुपारी दी। हमला के बाद सुपारी देने वाला आरोपी फरार हो गया था। महीने भर के बाद फरार आरोपी चिखली राजनांदगांव निवासी अश्वनी वर्मा ऊर्फ आशु को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस दिन हुई थी घटना प्रार्थी उमेश कुमार वर्मा निवासी कृष्णा नगर सुपेला द्वारा 5 अगस्त .2024 को रात्रि ड्यूटी कर करीबन 1 बजे अपने घर जा रहा था। जैसे ही वह गणेश मार्केट सुपेला के पास पहुंचा था। उसी दौरान तीन अज्ञात लड़के आये और मोटर सायकल को रोककर चाबी छीनने लगे मना करने पर गाली गलौज करते हुए तुझे जान से मार देंगे कहते हुए हाथ मे रखे चाकू से ताबडतोड वार कर दिया। जिसे प्रार्थी गंभीर रूप से घायल होकर गिर गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की जा रही थी। आरोपी राजनांदगांव निवासी अश्वनी वर्मा उर्फ आशु ने सुपेला स्थित अंग्रेजी शराब भट्टी के मैनेजर उमेश कुमार वर्मा को चाकू से मारने की सुपारी दी थी। आरोपी उसके एवज मे 50,000 रूपये आरोपियों को दी जायेगी। जिस पर तीनों आरोपी चाकू मारने के पहले दो दिन रैकी किए। तीसरे दिन मौका मिलने पर चाकू मारकर फरार हो गये थे।

# हिंदी भाषा विश्व में बोली जाने वाली अग्रणी भाषाओं में एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

हिन्दी दिवस पर मधुर साहित्य परिषद की विचार गोष्ठी स्थानीय मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में संपन्न हुई। चर्चा का विषय वर्तमान में हिन्दी भाषा का स्वरूप था। गोष्ठी की शुरुआत माता दंतेश्वरी की पूजन वंदन से हुई। इसके बाद जिले के वरिष्ठ साहित्यकार विश्राम सिंह चंद्राकर एवं तुलसी राम महमल्ला को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।

■ चिंता : कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का उपयोग नाममात्र का

विचार की कड़ी में सर्वप्रथम मधुर साहित्य परिषद के अध्यक्ष एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक डॉ. अशोक आकाश ने कहा कि हिंदी की अंक प्रणाली को बदलकर आंग्ल के अंक को अपनाया जाना खेदपूर्ण बदलाव है। हिंदी अंकों को आज की पीढ़ी नहीं जानती। हिंदी लेखन में वर्तनी विकृतियां मिल रही है। आजकल लोग मोबाइल मेंअंग्रेजी के वर्णों का उपयोग कर हिंदी के उच्चारण वाले शब्द लिख रहे हैं।

यह हिंदी भाषा का अपमान है। हिंदी भाषा के संवर्धन के लिए उत्कृष्ट साहित्य लेखन एवं लोक जीवन में शुद्धतापूर्वक उपयोग करने की आवश्यकता है। डौंडीलोहारा के अध्यक्ष कन्हैया लाल बारले ने हिन्दी भाषा की उत्कृष्टता व विशेषताओं का बखान ▶▶| शेष पेज 11 पर

### हिन्दी दिवस पर मधुर साहित्य परिषद की विचार गोष्ठी सम्पन्न



### हिंदी नहीं बोलने व समझने वाला गूंगा

देवी बंगला के अजय कुमार चौहान ने अपनी कविता में हिंदी को संस्कृत की बेटी कहा। संबलपुर से आए वीरेंद्र कुमार अजनबी ने हिंदी भाषी राष्ट्र में जो व्यक्ति हिंदी नहीं बोलता व नहीं समझता उसे गूंगा की संज्ञा दे डाली। रायपुर निवासी जनकवि देवनारायण नगरिहा ने अपनी हिंदी कविता के माध्यम से हिंदी भाषा का गुणगान किया। कार्यक्रम का संचालन विरेंद्र कुमार अजनबी ने कीकन्हैया लाल बारले द्वारा उपस्थित साहित्यकारों का आभार व्यक्त किया गया। तत्पश्चात गोष्ठी के समापन की घोषणा हुई।

## अपराध : गणेश पंडाल में रिकार्डिंग डांस के दौरान तेज आवाज में बजाया जा रहा था डीजे

# डीजे बजाने पर रोक लगाने पहुंची टीम का जमकर हुआ विरोध, दो के खिलाफ कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम झलमला के गणेश पंडाल में कार्यक्रम के दौरान तेज आवाज में डीजे बजने पर पुलिस और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची और डीजे की शोर को बंद करवाया। वहीं प्रशासन की टीम पर उग्र होने वाले दो लोगों पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार की रात ग्राम झलमला के दो अलग-अलग गणेश पंडालों में कार्यक्रम का आयोजन समिति द्वारा किया गया था। बाजार चौक गणेश पंडाल में रिकॉर्डिंग डांस का कार्यक्रम रखा गया था, वहीं गली के गणेश पंडाल में जस गीत झांकी का आयोजन रखा गया था। इस दरमियान डीजे सिस्टम लगा था, जिसकी जानकारी पुलिस विभाग





और राजस्व विभाग को लगी। इस दरमियान कार्यक्रम की शुरुआत हो चुकी थी। प्रशासन की टीम मौके पर लगभग 10 बजे पहुंची और डीजे साउंड सिस्टम को बंद करने के लिए आयोजक समिति को कहा गया। उस समय कार्यक्रम को देखने सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ उपस्थित थी, जो प्रशासन के नियमों का विरोध प्रगट करने लगे। इस दौरान कुछ लोग झूमाझटकी पर उतारू हो गए थे, वे बहुत ज्यादा आक्रोशित नजर आ रहे थे, जिन्हें समझाने के लिए पुलिस विभाग की टीम और राजस्व विभाग को बहुत ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ा, हालांकि लगभग दो घंटे की कड़ी मशक्त के बाद प्रशासन को कामियाबी हासिल हुई और दोनों गणेश पंडाल का कार्यक्रम निरस्त किया गया।

### अभद्र व्यवहार: दो पर कार्रवाई

प्रशासन की टीम रात्रि के दौरान झलमला में डीजे साउंड सिस्टम पर रोक लगाने के लिए पहुंची थी, इस दरमियान अभद्र व्यवहार करने वाले दो लोगों पर बीएनएसएस की धारा 170 के तहत कार्रवाई की गई है।

\- रविशंकर पाण्डेय,
प्रभारी कोतवाली थाना

### दो ग्रामीणों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई

ग्राम झलमला में डीजे साउंड सिस्टम को बंद कराने पहुंची प्रशासन की टीम के साथ अभद्रता पूर्ण व्यवहार करने पर ग्राम झलमला के दो ग्रामीण युधिष्ठिर ठाकुर 45 वर्ष तथा नेमसिंह ठाकुर 41 वर्ष पर कार्रवाई की गई है।

### प्रशासनिक नियम के अनुसार

सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार डीजे साउंड सिस्टम को 75 डेसिबल से तक ही बजा सकते हैं तथा ज्यादा आवाज में बजाने पर प्रशासन ने प्रतिबंध लगा दिया है, वहीं जिस वाहन में डीजे बांधकर ज्यादा आवाज में बजाते पाया गया उसका परमिट भी खत्म कर दिया जाएगा।

# नगरीय और पंचायत चुनाव में तैयारी में जुटी कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आगामी नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव को देखते हुए बालोद जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा तैयारी आरंभ कर दी गई है। जिला कांग्रेस भवन में कार्यकारिणी की बैठक आयोजित कर जिला अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर ने अपनी टीम को नगरी निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायती राज चुनाव में अपना परचम फिर से लहराने के लिए कार्यकर्ताओं को कमर कस लेने के लिए कहा।

■ जनप्रतिनिधियों ने कार्यकारिणी की बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश

साथ ही शीघ्र ही प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर एवं नगरी निकाय स्तर पर प्रभारी की नियुक्ति करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी पदाधिकारी को एकजुट होकर कार्य करने हेतु निर्देशित किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डोमेन्द्र भेड़िया ने कहा कि नगरी निकाय में हमें अपने कब्जे को पुन स्थापित करना है, साथ ही पंचायत स्तर पर भी हमारे कार्यकर्ताओं को पूरी ऊर्जा के साथ भीड़कर पंचायत, जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत के सभी पदों पर कांग्रेस का कब्जा बनाने के लिए अभी से मेहनत करना है। पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा ने भी कहा कि कांग्रेस के सिपाही आज से ही नगर पंचायत एवं नगर पालिका तथा जनपद पंचायत, जिला पंचायत एवं पंचायत में कांग्रेस के पंच सरपंच, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष को बैठाने के लिए हमें आज से ही मेहनत करना होगा। बैठक में अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चंद्रप्रभा सुधाकर के साथ महामंत्री रतिराम कोसमा, पुरुषोत्तम पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष चंद्रेश हिरवानी, संतराम पटेल, शंभू साहू, केशव शर्मा, गिरीश चंद्राकर, संगीता नायर, बंटी शर्मा, हंसमुख टुवानी, कमलेश श्रीवास्तव, ओमकार महमल्ला एवं कांग्रेस के कार्यकारी सदस्य उपस्थित थे।

# गन्ना विक्रय की बोनस राशि और अन्य मांगों को लेकर खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना में गन्ना विक्रय की बोनस की राशि देने सहित अन्य मांगों को लेकर भाजपा नेता व जनपद पंचायत बालोद के पूर्व अध्यक्ष दयानंद साहू ने 17 सितंबर से भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

श्री साहू ने बताया कि वे जिला के गन्ना उत्पादक सबसे बड़े किसान हैं। वे 55 एकड़ खेत में गन्ना की फसल लेते हैं। बीते एक साल से उनके सहित जिले के सभी गन्ना किसानों को बोनस की राशि नहीं मिली है। इसके लिए कई बार प्रबंधन से मिल चुके हैं, पर मात्र आश्वासन ही मिला है। मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना के प्रबंध संचालक हमारा फोन नहीं उठाते।

■ पूर्व जनपद अध्यक्ष आज से करेंगे भूख हड़ताल



कारखान में लैंडलाइन नंबर नहीं है। ऐसे में किसान किससे व कैसे बात करें। बार बार कारखाना नहीं जा सकते, कृषि कार्य प्रभावित होता है। श्री साहू ने प्रबंधन व कारखाना के एक कर्मचारी पर गन्ना किसानों के साथ लगातार दुर्व्यवहार करने का आरोप भी लगाया है। गन्ना कृषक बोनस राशि सहित विभिन्न मांगों को लेकर 17 सितंबर से भूख हड़ताल करेंगे। पूर्व जनपद अध्यक्ष गन्ना कृषक दयानंद साहू ने आरोप लगाया है कि कारखाने में अधिकारी कर्मचारी पांच सालों से अधिक समय से पदस्थ हैं। जबकि कोई भी प्रमुख अधिकारी 3 साल से अधिक नहीं रहते। कारखाने के कार्यों की जांच की मांग भी करते हैं। जब पुराने अधिकारी हटेंगे तभी सही जांच होगी।

### लगातार किसानों को किया जा रहा प्रताड़ित

श्री साहू ने बताया कि जिले के अधिकारियों व कारखाना प्रबंधन ने समूह में गन्ना लगाओ, तब बोर कराने, घेरा करने सहित कई वादे किए गए थे। हमने समूह बनवाया, पर कोई वादा पूरा नहीं किया गया। जिससे किसानों को लाखों का नुकसान हो गया। हम लगातार प्रताड़ित हो रहे हैं, इसलिए भूख हड़ताल पर बैठना पड़ रहा है।

# प्रधानमंत्री आवास के 5 लाख हितग्राहियों के खातों में आज आएगी प्रथम किश्तः संध्या

**गुरूर।** जनपद पंचायत सदस्य संध्या अजेंद्र साहू ने बताया कि 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा हमेशा सेवा पखवाड़ा के रूप मे मानती आई है।



मंगलवार को प्रधानमंत्री आवास के 5 लाख हितग्राहियों के खाते मे प्रथम किश्त डाली जाएगी। प्रधानमंत्री आवास के हितग्राहियों के खाते मे राशि आने से यह दिन उनके लिए एक त्योहार के रुप मे होगा। प्रधानमंत्री आवास की राशि के लिए हितग्राही इंतजार कर रहे थे। संध्या अजेंद्र साहू ने प्रधानमंत्री आवास की राशि जारी करने पर देश के मुखिया और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद ज्ञापित की है। जो 17 सितंबर को प्रधान मंत्री आवास की प्रथम किस्त की राशि 5 लाख हितग्राहियों को छत्तीसगढ़ मे देने जा रहे है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री और मुख्यमंत्री गरीबों के घर निर्माण में सहभागिता निभाने जा रहे है, यही डबल इंजन की सरकार की ताकत है। हमेशा सभी के हित मे कार्य करती है।

## आयोजन

# भाजपा का सेवा पखवाड़ा आज से, कर्मकार सम्मेलन सहित होंगे कई कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 17 सितंबर को जिला भाजपा द्वारा जिले के तीन स्थानों पर बड़े आयोजन किए जाएंगे।

सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने बताया कि विकासखण्ड गुरूर के ग्राम सनौद में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, 100 यूनिट रक्तदान करने का लक्ष्य रखा गया है। वही ग्राम सनौद में ही स्वास्थ परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक चलेगा। श्री चन्द्राकर ने बताया कि जिला अध्यक्ष पवन साहू के निर्देश व मार्गदर्शन मे समस्त कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं7 इसी क्रम में अुर्जन्दा नगर में वृहद पौधारोपण किया जाएगा। जहां 100 पौधों का रोपण कर उसे संरक्षित करने की व्यवस्था भी जाएगी। ग्राम सुरेगांव मे भी सेवा पखवाड़ा के तहत जिला भाजपा महामंत्री चेमन देशमुख के नेतृत्व में कर्मकार सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जहां 100 से अधिक कर्मकारों का सम्मान किया जाएगा।



■ भाजपा करेगी सनौद, अर्जुंदा व सुरेगांव में आयोजन

### बूथ, ब्लाक स्तर पर भी आयोजन

श्री चन्द्राकर ने बताया कि इसके अतिरिक्त बूथ स्तर, शक्ति केन्द्र स्तर पर व ब्लाक स्तर में भी विविध आयोजन होंगे। 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन होने से जिले में तीन बड़े आयोजन के अतिरिक्त दर्जनों सेवा के अन्य कार्य में जिले के हजारों कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे।

## दोपहर में जामा मस्जिद के पास हुआ लंगर का आयोजन

# ईद मिलादुन्नबी पर शहर में निकला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुस्लिम समाज द्वारा जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस ए मोहम्मदी का आयोजन किया गया। इसके पूर्व सुबह जामा मस्जिद बालोद में परचम कुसाई की गई।

इसके बाद फातिहा खानी का आयोजन हुआ, फिर जुलूस शहर के जामा मस्जिद से प्रारंभ होकर पुराना बस स्टैंड, सदर रोड, हलधर चौक, मधु चौक, जय स्तंभ चौक मुख्य मार्ग होते हुए वापस जामा मस्जिद पहुंचा। शहर के राजनांदगांव मार्ग में मुस्लिम समाज के वरिष्ठ समाजसेवी एवं भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाअध्यक्ष मो. अकबर तिगाला एवं परिवार की ओर से बच्चों सहित





बड़ों के लिए विभिन्न खाद्य सहित पेयजल सामग्री का वितरण किया गया। दोपहर 12 बजे से जामा मस्जिद के पास लंगर का आयोजन किया गया, इसके बाद दिन भर विविध आयोजन किए गए। विदित हो कि, इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा के जन्मदिन को मुस्लिम समाज ईद मिलादुन्नबी के नाम से मनाते हैं, वही 10 दिन पूर्व से ही मुस्लिम समाज के लोग इस दिन की तैयारी करते आ रहे थे।

इस दौरान इंतेजामिया कमेटी जामा मस्जिद बालोद के सदर शाहिद अहमद खान, पुर्व सदर सलीम तिगाला, ज़ाहिद अहमद खान, अबरार सिद्दीकी, मो.अकबर तिगाला, शाकिर खान, शेख शाहिद, असरार अहमद, अब्बास अली, नासिर खान, शाहनवाज खान, इमरान खान, सुभान खान, फरीद खान सहित मुस्लिम समाज के लोग उपस्थित थे।

### हाईवा से टकराने पर बाइक सवार की मौत

**भिलाई।** हाइवा से टकराकर एक बाईक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं दो अन्य घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती किया गया है। दाखिल कराया गया है। पुरानी भिलाई पुलिस के मुताबिक मृतक युवक देवा साहू पिता शत्रुघन साहू (21 वर्ष) निवासी बीरगांव उरला रायपुर है। पुरानी भिलाई थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि एक ही बाइक में सवार ग्राम -उरला सिलतरा रायपुर के तीन युवक भिलाई आ रहे थे। नेशनल हाइवे रोड 53 चरोदा के पास हाइवा से टकरा गए। ठोकर से देवा साहू पिता शत्रुघन साहू (21 वर्ष) निवासी बीरगांव उरला रायपुर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। बाइक में पीछे बैठे उसके दोस्त उरला निवासी दीपक पटेल पिता बालेश्वर पटेल (22 वर्ष) और उमेश कुमार साहू पिता रही साहू (21 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। मिलते ही हाइवे पेट्रोलिंग और पुरानी भिलाई पुलिस मौके पर पहुंची।

पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप

### दर्शन बंदगी कार्यक्रम में कई प्रांतों के भक्त होंगे शामिल

**रायपुर।** भादो पूर्णिमा के शुभ अवसर पर गुरु कबीर आश्रम प्रकाश कुंज कटोरा तालाब में 17 सितंबर को दर्शन बंदगी कार्यक्रम का आयोजन है। इस कार्यक्रम के लिए तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समारोह में छत्तीसगढ़ के अलावा अनेक प्रांतों से भक्तजनों का आगमन हो रहा है। कार्यक्रम के व्यवस्थापक प्रशांत शर्मा ने बताया कि सुबह 8 बजे गुरु महिमा पाठ एवं पूणो महत्तम पाठ संत महंतों द्वारा किया जाएगा। इसे बाद आश्रम स्थित सद्गुरु कबीर मंदिर में वंशाचार्य साहब द्वारा पूजा-अर्चना की जाएगी। उसके बाद हजारों की संख्या में उपस्थित भक्तों को दर्शन बंदगी देने के लिए वंशाचार्य साहब मंच पर विराजमान होंगे।

### युवा शक्ति संगठन ने मनाया ओजोन परत संरक्षण दिवस

**दुर्ग।** युवा शक्ति संगठन बोरसी के युवाओं द्वारा ओजोन परत सरंक्षण दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि आरएन सिन्हा ईको क्लब संयोजक स्कूल शिक्षा विभाग थे। इस अवसर पर उन्होंने वृक्षारोपण भी किया। कार्यक्रम में श्री सिन्हा ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए ओजोन परत का मानव जीवन में महत्व ओजोन परत का सरंक्षण के लिए, बिजली से चलने वाले आधुनिक उपकरणों का संयमित उपयोग, अधिक से अधिक वृक्षारोपण आदि विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग व छत्तीसगढ़ पर्यावरण सरंक्षण मंडल के मार्गदर्शन में ईको क्लब का गठन व कल के भविष्य आज के विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को अनिवार्य पर्यावरण से जोड़ने की पहल की जानकारी दी।

### मतदाता सूची पुनरीक्षित करने अधिकारी नियुक्त

**दुर्ग।** त्रिस्तरीय पंचायत के आम निर्वाचन 2024-25 हेतु दुर्ग जिले के जनपद पंचायतों की मतदाता सूचियां 1 जनवरी 2024 की संदर्भ तिथि के आधार पर तैयार पुनरीक्षित किया जाना है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने त्रिस्तरीय पंचायत की मतदाता सूची तैयार करने के लिए छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के नियम 18 के अनुसार दुर्ग जिले के जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा तथा पाटन के लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के लिए अधिकारियों को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक रजिस्ट्रीकरण तथा अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया है। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत दुर्ग के लिए अनुविभागीय अधिकारी रा दुर्ग, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और तहसीलदार, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा अपर कलेक्टर दुर्ग अपीलीय अधिकारी होंगे।

### छात्रवृत्ति हेतु 30 अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन

**दुर्ग।** शिक्षा सत्र 2024-25 हेतु जिले में संचालित मान्यता प्राप्त समस्त शासकीय, अशासकीय विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, मेडिकल कॉलेज, इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलीटेक्निक, आईटीआई में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर की पात्रता रखते हैं।

# शूकर की संक्रामक बीमारी से निपटने देश की पहली वैक्सीन का ट्रायल शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर


अलग खबर

भारत में शूकर-सुअर में होने वाली गंभीर संक्रामक बीमारी 'पोर्सिन री-प्रोडक्टिव एंड रेस्पिरेटरी सिंड्रोम', पीआरआरएस से बचाव के लिए वैक्सीन तैयार की गई है। देश की यह पहली वैक्सीन है, जिसका ट्रायल विभिन्न राज्यों में किया जा रहा है। इसी क्रम में इसका ट्रायल सरगुजा जिले के शासकीय शूकर पालन केंद्र सकालो में अलग-अलग आयु के 50 शूकरों पर किया जा रहा है। इस बीमारी को ब्लू इयर के नाम से भी जाना जाता है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल में वैक्सीन तैयार की गई है। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. राजू कुमार व डॉ. फतह सिंह द्वारा वैक्सीन का ट्रायल किया जा रहा है। वैक्सीन लगने के बाद शूकरों पर इसके प्रभाव का अध्ययन किया जा रहा है। अभी तक शूकरों में स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या नहीं आई है।

## सरगुजा के बाद छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी होगा वैक्सीन का ट्रायल

### छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में ट्रायल

वैक्सीन बनाने के बाद लगातार ट्रायल किया जा रहा है। सरगुजा के बाद छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी इस वैक्सीन का ट्रायल किया जा सकता है। वैज्ञानिक के मुताबिक, 21 दिन बाद शूकरों को बूस्टर डोज लगाया जाएगा। देश के एक या दो अन्य केंद्रों के शूकरों में भी वैक्सीन का ट्रायल करने के बाद इसे उपयोग में लाया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, बीमारी के लक्षण अत्यधिक तेज बुखार, भूख में कमी, आंखों से पानी बहना, सांस लेने में दिक्कत, गर्भपात, नाक से स्राव है। अभी तक इस बीमारी की वैक्सीन नहीं थी, लेकिन अब बनकर तैयार है। ट्रायल के बाद देश को वैक्सीन मिल जाएगी।



**निर्देशित किया गया**

शासकीय शूकर पालन फार्म अंबिकापुर में 'पोर्सिन री-प्रोडक्टिव एंड रेस्पिरेटरी सिंड्रोम का वैक्सीन ट्रायल चल रहा है। फार्म को सभी एसओपी का पालन करने को निर्देशित किया गया है।

- **डॉ. प्रियंका शुक्ला,** संचालक, पशुधन विकास विभाग

**वैक्सीन लगा रहे**

राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशुरोग संस्थान भोपाल में विकसित वैक्सीन का पहला फील्ड ट्रायल सरगुजा में चल रहा है। संस्थान के वरिष्ठ विज्ञानी शूकरों में वैक्सीन लगा रहे हैं। वैक्सीन लगने के बाद शूकरों के स्वास्थ्य का अध्ययन किया जा रहा है।

- **डॉ. सीके मिश्रा,** प्रभारी, शासकीय शूकर पालन केंद्र

### देशभर में तेजी से फैल रही बीमारी

शूकरों की इस बीमारी को सबसे पहले 1987 में अमेरिका में देखा गया था। उसके बाद 1991 में नीदरलैंड में वायरस की पहचान हुई। यूरोपीय और अमेरिकी देशों के बाद यह बीमारी अब भारत में भी पहुंच चुकी है। यह बीमारी शूकर पालकों को बड़ी आर्थिक चोट पहुंचाती है। इसी कारण भारत देश में इसकी वैक्सीन तैयार की गई है।

## शिकायत के बाद भी बदल नहीं रहे खराब लाइट, जनता परेशान

# त्योहारी सीजन में शहर की सड़कों की बत्ती गुल, स्मार्ट पोल केवल शो पीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

शहर की स्ट्रीट लाइट मेंटेनेंस का सिस्टम पूरी तरह गड़बड़ है। शहीद हेमू कालाणी वार्ड स्थित देवेंद्र नगर थाना चौक से राणा हास्पिटल, दुल्हन साड़ी सेंटर से महालक्ष्मी मार्केट मुख्य मार्ग पर रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा लगवाए गए दर्जनों स्मार्ट पोल की लाइटें महीनेभर से बंद पड़ी हैं। तीन बार इसकी शिकायत कपड़ा व्यापारियों ने स्मार्ट सिटी के अधिकारियों से की। निदान 1100 में शिकायत दर्ज कराई, पर समस्या जस के तस है। इसी तरह आउटर के वार्ड कचना, आमासिवनी, बंजरपारा बस्ती, भवानी नगर इलाके की करीब 100 स्ट्रीट लाइट की रिपेयरिंग करने सालभर पहले ले गए, लेकिन आज तक लाइट वापस लाकर नहीं लगाई।

**दूर करेंगे शिकायत**

शहर के स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत का काम अब तक अनुबंधित एजेंसी के जिम्मे था। अब नगर निगम अमला बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें बदलने, खंबे में आई खराबी दूर करेगा। इसके लिए टेंडर किया जाएगा। लोगों की शिकायत जल्द ही दूर करेंगे।

- **एजाज ढेबर,** महापौर

**निगम प्रशासन से लेकर अनुबंधित एजेंसी तक से लगा चुके गुहार**



**केस 1**

### कचना, आमासिवनी बस्ती में अंधेरा

नगर निगम जोन-9 क्षेत्र स्थित मोतीलाल नेहरू वार्ड के गांव कचना और आमासिवनी बस्ती की स्ट्रीट लाइटें एक अरसे से बंद पड़ी हैं। इन बंद लाइटों को निगम वाले रिपेयरिंग करने के नाम पर सालभर पहले निकालकर ले गए, पर वापस लाइट आज तक नहीं लगाने आए। वार्ड पार्षद गोपेश साहू का कहना है, सांझ ढलते ही इन दोनों गांवों के रहवासियों को अंधेरे में रहना पड़ता है। गली में लाइट बंद होने से अंधेरा रहता है। यह स्थिति बंजरपारा बस्ती और भवानी नगर की भी है। इसकी शिकायत जोन-9 और निगम मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों से की है, पर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे।

**केस 2**

### कपड़ा मार्केट में स्ट्रीट लाइटें बंद

शहीद हेमू कालाणी वार्ड के पंडरी कपड़ा मार्केट के अंदरूनी हिस्से की स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। दुल्हन साड़ी सेंटर पंडरी से महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट तक लाखों रुपये खर्च कर स्मार्ट सिटी द्वारा लगवाए गये स्मार्ट पोल शो-पीस बनकर रह गए हैं। इसी तरह देवेंद्र नगर मुक्तिधाम से देवेंद्र नगर थाना चौक तक अंधेरा छाया रहता है। पंडरी थोक कपड़ा मार्केट एसोसिएशन के संरक्षक चंदर विधानी ने 3 बार इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से की, पर कोई देखने तक नहीं आया। शहर के मुख्य मार्केट की स्ट्रीट लाइटें बंद होने से लोग परिवार के साथ रात के समय मार्केट आने में हिचक रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, अंधेरा होने से चेन स्नेचिंग की घटनाएं भी बढ़ी हैं।

**केस 3**

### *बूढ़ातालाब का परिक्रमा पथ अंधेरे में*

*नगर निगम और रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा दो फेज में 27 करोड़ खर्च कर बूढ़ातालाब का सौंदर्यीकरण कराया गया। इस दौरान बूढ़ातालाब के परिक्रमा पथ पर नई स्टाइलिश लाइटें जगमग रोशनी के लिए लगाई गईं। इनमें से चांदनी चौक से ब्रह्मपुरी ढाल तक लगाए गए दर्जनभर से ज्यादा नए पोल की लाइटें महीनेभर से बंद पड़ी हैं। इस मार्ग का उपयोग आसपास के कालोनीवासियों समेत शहरवासी अक्सर करते हैं। इसके बाद भी संबंधित जोन व निगम मुख्यालय के अधिकारी बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें ठीक नहीं करा पाए।*

**केस 4**

### दावड़ा कॉलोनी, लालपुर, भैरवनगर में भी दिक्कत

रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड के लालपुर के मौसम विभाग के पास 4 स्ट्रीट पोल की लाइटें खराब हैं। भैरव सोसायटी से कृष्णानगर मार्ग पर लगाये गए स्ट्रीट पोल में लाइट ही नहीं है। इसी तरह दावड़ा कॉलोनी में स्ट्रीट लाइटें नहीं होने से लोग परेशान हैं। गायत्री मंदिर, कालीनगर से अपना चौक तक स्ट्रीट लाइट नहीं होने से इस क्षेत्र में अंधेरा छाया रहता है। पार्षद रवि ध्रुव ने बताया कि निगम के अधिकारी शिकायत के बाद भी नहीं सुन रहे।

## डेढ़ महीने में मकान नहीं देने पर दोगुनी रकम लौटाने का झांसा, 48 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाने में एक महिला ने एक व्यक्ति तथा उसकी कंपनी के खिलाफ मकान दिलाने का झांसा देकर 48 लाख रुपए ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जालसाज ने महिला को डेढ़ महीने के भीतर मकान नहीं दिलाने की स्थिति में दोगुनी रकम लौटाने का झांसा देकर अपने जाल में फंसाया था। पुलिस के मुताबिक, अनामिका वैष्णव ने ऐश्नी होम्स प्राइवेट लिमिटेड के संचालक राकेश मंडल, उसकी पत्नी तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। अनामिका ने पुलिस को बताया कि राकेश का लालपुर में दफ्तर है। जहां उसने अपने परिचित के माध्यम से पिछले वर्ष राकेश से संपर्क किया था। राकेश ने अपनी कंपनी को आरडीए से अधिकृत बताकर अनामिका को कमल विहार में फ्लैट दिलाने का झांसा देकर उसके साथ एग्रिमेंट कर रकम ले ली। ठगी की आशंका होने पर अनामिका ने आरडीए में संपर्क करने पर राकेश द्वारा महज एक लाख रुपए जमा करने की जानकारी मिली। अनामिका के अनुसार, राकेश ने इसी तरह को झांसा देकर अर्चना गुप्ता से भी 15 लाख की ठगी की है।




- मुंगेली निवासी महिला ने टिकरापारा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

### समझौते के लिए दबाव बनाने झूठी रिपोर्ट

अनामिका ने पुलिस को बताया कि राकेश की पत्नी सरिता ने कोर्ट में समझौता करने उनके खिलाफ थाने में झूठी शिकायत दर्ज कराई है। राकेश ने ठगी करने कूटरचित दस्तावेज तथा मकान की फोटो दिखाकर उन्हें अपने जाल में फंसाया।

## केंद्रीय इस्पात मंत्री से कांग्रेस के सवाल

# नगरनार के विनिवेशीकरण पर दें स्पष्टीकरण : बैज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी के दो दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास पर सवाल उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, लोकसभा और विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री ने बस्तर समेत छत्तीसगढ़ की जनता से यह वादा किया था कि एनएमडीसी का नगरनार प्लांट निजी हाथों में नहीं बेचा जाएगा। वर्तमान में केंद्र सरकार के विनिवेशीकरण के वेबसाइट दीपम पर एनएमडीसी के नगरनार प्लांट को बेचने की प्रक्रिया तेजी से संपन्न की जा रही है। केंद्रीय इस्पात मंत्री को एनएमडीसी नगरनार प्लांट के विनिवेशीकरण के संदर्भ में भाजपा सरकार का स्टैंड स्पष्ट करना चाहिए। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार के फोकस में केवल अपने चंद पूंजीपति मित्रों का हित है। भाजपा की सरकार में छत्तीसगढ़ की लगातार उपेक्षा की जा रही है। लोकसभा में छत्तीसगढ़ से भाजपा के 10 सांसद हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ की लगातार उपेक्षा होने के बाबजूद दलीय चाटुकारिता में भाजपा के सांसद मौन हैं। उन्होंने कहा, मध्यभारत में लौह अयस्क के उत्खनन का काम करने वाली अग्रणी नवरत्न कंपनी एनएमडीसी एक सरकारी उपक्रम है, जिसके 6 बड़े माइंस छत्तीसगढ़ में संचालित हैं।



**एनएमडीसी की गतिविधियों की हो जांच:** कोल की रॉयल्टी में पेनाल्टी के छत्तीसगढ़ का हिस्सा पिछले 7 साल से केंद्र के पास लंबित है। आयरनओर की रॉयल्टी में पहले प्रोडक्शन पर रॉयल्टी मिलती थी। अब केंद्र सरकार ने विक्रय पर रॉयल्टी देने की व्यवस्था बनाई है, जिससे छत्तीसगढ़ को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

# छत्तीसगढ़ में अब रजिस्ट्री से राजस्व वसूली का लक्ष्य चार हजार करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ सरकार ने रजिस्ट्री से प्राप्त राजस्व लक्ष्य में 1500 करोड़ की वृद्धि करते हुए इसे चालू वित्तीय वर्ष 2024-24 के लिए 4 हजार करोड़ रुपए तय किया है। इससे पहले पिछले वित्तीय वर्ष में यह लक्ष्य 2500 करोड़ रुपए था। खास बात ये है कि इसी साल 1 अप्रैल से रजिस्ट्री दर पर पिछली सरकार द्वारा दी जा रही 30 प्रतिशत की छूट को समाप्त कर दिया गया है। इस हिसाब से देखें तो रजिस्ट्री से मिलने वाले राजस्व में 30 प्रतिशत की वृद्धि तय है। इसी आधार पर माना जा रहा है कि रजिस्ट्री से मिलने वाले राजस्व में हजार करोड़ की वृद्धि होनी तय है। राज्य के महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। राज्य के सभी जिलों के लिए राजस्व प्राप्ति का नया लक्ष्य तय किया गया है। इस हिसाब से सबसे अधिक लक्ष्य रायपुर जिले के लिए रखा गया है, यह 155 करोड़ रुपए से अधिक का है। इसके बाद के क्रम में बिलासपुर 470 करोड़, दुर्ग 560 करोड़, राजनांदगांव 170 करोड़, जांजगीर-चांपा 166 करोड़, रायगढ़ 169 करोड़, सरगुजा 69 करोड़, बलरामपुर 7 करोड़, सूरजपुर 2 करोड़, बस्तर 62 करोड़, कोरबा 70 करोड़, धमतरी 80 करोड़, बलौदाबाजार 122 करोड़, मुंगेली 60 करोड़, बेमेतरा 10.5 करोड़, बालोद, 70 करोड़, गरियाबंद 20 करोड़, महासमुंद 80 करोड़, कवर्धा 65 करोड़, जशपुर 18 करोड़, कोरिया 22 करोड़, कांकेर 29 करोड़, दंतेवाड़ा। इन 23 जिलों में नए जिले व संबद्ध राजस्व जिले भी शामिल हैं। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक ने राजस्व प्राप्ति के नए लक्ष्य संबंधी आदेश में राज्य के सभी वरिष्ठ जिला पंजीयक, सभी जिला पंजायकों से कहा है कि वे दिए गए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए कार्ययोजना तैयार कर उप पंजीयक कार्यालयवार मासिक आय, लक्ष्य, राशि एवं प्रतिशत में निर्धारण कर भेजें।

### दिवंगत नेता येचुरी की स्मृति में शोकसभा, दी श्रद्धांजलि

**रायपुर।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी की स्मृति में पार्टी की छत्तीसगढ़ राज्य समिति ने रायपुर प्रेस क्लब में रविवार को एक शोकसभा रखी। जहां राजनीति, जनसंगठनों व समाज के विविध क्षेत्रों से जुड़ी प्रमुख हस्तियों ने कहा कि कामरेड सीताराम येचुरी के निधन से वामपंथी, जनवादी आंदोलन के साथ ही देश ने एक बड़ा जननेता खो दिया। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि सीताराम येचुरी को उनकी पार्टी के साथ ही दूसरे तमाम राजनीतिक दलों द्वारा भी सम्मान की दृष्टि से देखा जाता था। उन्होंने लोकतंत्र की मजबूती के लिए फासीवादी ताकतों के खिलाफ संघर्ष को आगे बढ़ाने सभी राजनीतिक पार्टियों को एकजुट करने में माकपा की ओर से प्रमुख भूमिका का निर्वाह किया था।

# ईद-ए-मिलादुन्नबी पर किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

ईद-ए-मिलादुन्नबी के मौके पर ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से हर साल की तरह इस साल भी थैलेसीमिया पीड़ित मासूम बच्चों के लिए रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में महिलाओं और पुरुषों ने अपनी खिदमत-ए-खल्क के तहत रक्तदान शिविर में बड़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिसमें 68 यूनिट ब्लड डोनेट आया।

- ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन के कार्यक्रम में 68 यूनिट रक्तदान

ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन ने रक्तदान शिविर में यातायात सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक मुहिम के तहत जितने भी ब्लड डोनेट किए उन सभी को फाउंडेशन के तरफ से प्रमाण पत्र और हेलमेट उपहार स्वरूप दिया गया। आज के दौर में कहीं न कहीं दुर्घटनाएं होती है। बिना हेलमेट के चलते अधिकांशतः सर में गंभीर रूप से चोट पहुंचती है। इसी सुरक्षा को लेकर फाउंडेशन ने उपहार स्वरूप हेलमेट दिया। इस प्रोग्राम को सफल बनाने में दुर्ग संभाग अध्यक्ष हाजी जाहिद अहमद, बालोद जिला संरक्षक हाजी सलीम तिगाला, जमील बख़्श, इस्माइल खान, अरमान अंसारी, जिला सचिव रहीम मोहम्मद, जिला उपाध्यक्ष वकार कुरैशी, जिला सह सचिव बशीर खान, मेंबर हकीम ताज, इरशाद, रिजवान कुरैशी, समीर मनिहार, हसनात सिद्दीकी, हमसिरा ग्रुप बालोद जिला अध्यक्ष हसीना बेगम, मेंबर रशीदा बेगम, नूरी शबाना, शहनाज़ बानो, रोशन आरा, वाजिदा बेगम और मुस्लिम जमात का पूरा सहयोग मिला।





### रक्तदाताओं को हेलमेट का उपहार

आज के दौर में कहीं न कहीं दुर्घटनाएं होती है। बिना हेलमेट के चलते अधिकांशतः सर में गंभीर रूप से चोट पहुंचती है। इसी सुरक्षा को लेकर ऑल मुस्लिम वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से उपहार स्वरूप हेलमेट दिया।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH) नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### इंजीनियर्स एसोसिएशन ने मनाया इंजीनयर्स डे योगदान को किया याद

दुर्ग। भारतरत्न मोक्षगुन्डम का जन्मदिन इंजीनयर्स डे के रूप में इंजीनियर्स एसोसिएशन ने सिकोला में मनाया। इस अवसर पर मोक्षगुन्डम विश्वरैय्या के छायाचित्र पर माल्यार्पण पूजन कर श्रद्धांजलि दी। तत्पश्चात नगर विकास में वर्तमान परिवेश में इंजीनियर की भूमिका पर सभी ने अपने विचार रखे। इंजीनियर देवेश मिश्रा ने कहा कि दुर्ग भिलाई सहित आसपास के क्षेत्रों में हम सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।भविष्य में भी सभी को अपनी गुणवत्ता ज्ञान, मार्गदर्शन समुचित बनाये रखना है। ज्ञानेश्वर ताम्रकार, मेघराज कोटवानी ने भी विचार रखे। इस दौरान एसोसिएशन द्वारा राजेंद्र पार्क के सम्मुख स्थित मोक्षगुन्डम विश्वरैय्या की मूर्ति पर भी माल्यार्पण किया गया। मौके पर एसो प्रमुख देवेश मिश्रा, राजेश ताम्रकार, राकेश ताम्रकार, दीपक तुमाने, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, मेघराज कोटवानी, अभय कसार, कमलेश अवस्थी, ईश्वर यादव के आदि मौजूद थे।

### कौशल का उपयोग कर बीएसपी में दे योगदान

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन विकास केंद्र में लिंक्डिन लर्निंग, एक अमेरिकी ऑनलाइन शिक्षण मंच के विशेषज्ञों द्वारा इंटरेक्शन सत्र आयोजित किया गया। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की दो सदस्यीय लिंक्डइन टीम में क्षेत्रीय निदेशक (सार्वजनिक क्षेत्र लिंक्डइन) अनूप मेनन और सीनीयर कस्टमर सक्सेस मैनेजर अमित मुखर्जी शामिल थे। लिंक्डइन की टीम ने बीएसपी के उन लाइसेंस प्राप्त अधिकारियों से बातचीत की, जिन्हें लिंक्डइन लर्निंग के ऑनलाइन वीडियो कोर्स में भाग लेने के लिए चुना गया। इस अवसर पर ईडी पवन कुमार और सीजीएम निशा सोनी भी उपस्थित थे। उन्होंने प्रतिभागियों से लाइसेंस का पूरा उपयोग करने और लिंक्डइन लर्निंग प्लेटफॉर्म का लाभ उठाने का आग्रह किया।

---

कार्रवाई

**रोजी- मजदूरी करने यहां आकर रुकने वाले लोगों को दर्ज करानी होगी मुसाफिरी**

# चोरी व आपराधिक घटनाओं को रोकने पुलिस एक्शन मोड में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत चोरी की घटनाओं के अलावा आपराधिक घटनाओं पर लगाम कसने कोतवाली पुलिस एक्शन मोड में दिख रही हैं।

दरअसल कोई भी व्यक्ति जो दूसरे जिले या दूसरे राज्य से जिला मुख्यालय या आस पास किसी गांव में मुसाफिर बनकर रुकने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें पुलिस द्वारा क्षेत्र में रुकने की अनुमति नहीं दे रही है, इसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में चोरी की घटनाओं व आपराधिक मामलों में कमी लाना है।

उल्लेखनीय है कि मार्च महीने में एक डॉक्टर के घर लाखों रुपए की चोरी हुई थी। उस चोरी की घटना को अंजाम देने वाले चोर शहर के एक होटल में रुका था और वहीं रुककर घटना की प्लानिंग कर चोरी की घटना को अंजाम दिया, जबकि होटल संचालक द्वारा ऐसे संदिग्ध लोगों के बारे में पुलिस को सूचना नहीं दी गई थी। क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं के बाद पुलिस ने होटल संचालकों व अन्य लोगों को जो अपने मकान को किराए पर देते हैं, उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया है कि कोई भी




व्यक्ति जो बाहर से आते हैं और वह संदिग्ध लगते हैं उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए, इसके साथ ही कोई भी व्यक्ति रोजी मजदूरी करने यहां आकर रुक रहे हैं, उन्हें भी मुसाफिरी दर्ज कराने की बात कह रहे हैं।

### लाखों की हो चुकी है चोरी चोरों का पता नहीं

कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत बीते एक–डेढ़ माह के भीतर करीब तीन बड़ी चोरियों में करीब 12 लाख की चोरी हुई है, वहीं कई अन्य छोटी छोटी चोरी की घटनाओं को जोड़ा जाए तो लगभग 15 लाख रुपए के आसपास की चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी है। बीते दिनों झलमला, सिवनी और सुमित बाजार में हुए टोटल 11 लाख 50 हजार से अधिक की चोरी के मामले में पुलिस को चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है। हालांकि पुलिस द्वारा पहले की तरह चोरों की तलाश जारी रहने की बात कह रही है।

### दीपावली पर्व को डेढ़ माह शेष बाहरी लोगों से रहें सावधान

दीपावली त्यौहार को लगभग डेढ़ माह का शेष समय रह गया है, ऐसे में त्यौहार जैसे जैसे नजदीक आता है, यहां बाहर से कई अलग अलग लोग नजर आते हैं, जो रोजी मजदूरी करने या घर की साफ सफाई के अलावा कबाड़ खरीदने जैसे कार्य के बहाने बनाकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं, हर साल इसी तरह की घटनाएं सामने आती है, ऐसे में लोगों को जागरूक रहने व बाहरी लोगों से सावधान रहने की जरूरत है। इसके अलावा पुलिस प्रशासन को ऐसे समय पर जागरूकता अभियान चलाने चाहिए।

### मुसाफिरों का स्पष्ट आंकड़ा किसी के पास नहीं

जिला मुख्यालय में रोजी मजदूरी, व्यवसाय करने या अन्य कई तरह के समान की बिक्री करने अलग अलग राज्यो से लोग आ रहे हैं, जो किराए के मकान में या किसी होटल में रह रहे हैं। ऐसे लोगों द्वारा थाना में मुसाफिरी दर्ज कराया गया है या नहीं इसका स्पष्ट आंकड़ा किसी के पास नहीं है। हालांकि थाना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय का दावा है जो भी बाहरी लोग आते हैं उनका मुसाफिरी दर्ज किया जा रहा है और संदिग्ध लोगों को यहां रहने की कोई अनुमति नहीं दी जा रही है।

**नये व्यक्तियों को रूकने की अनुमति नहीं**

जो बाहरी व्यक्ति नए-नए दिखते हैं, उन्हें यहां रहने ही नहीं दिया जा रहा है और जो यहां रोजी मजदूरी करते हैं और आना जाना करते रहते हैं, उन्हें मुसाफिरी दर्ज कराने के निर्देश दिए गए हैं। होटल संचालकों द्वारा भी जानकारी दी जाती है।

**- रविशंकर पांडेय,** थाना प्रभारी

---

# वृंदादेवी धाम आगेसरा में हुई रामधुनी प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

वृंदादेवी धाम आगेसरा में आदर्श गणेशोत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में तीन दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

द्वितीय दिवस के मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग अशोक साहू थे, अध्यक्षता रूपेंद्र शुक्ला ने की। विशेष अतिथि भेष आठे जोन प्रभारी, डा डागेश्वर साहू, सरपंच होरीलाल साहू, कमलेश्वर साहू, चंद्रगुप्त साहू, सरपंच संपत साहू, संतराम साहू ने भगवान श्रीराम, हनुमान व भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि की मंगलकामना की। मुख्य अतिथि ज़िला पंचायत उपाध्यक्ष साहू ने कहा कि भांजा सियाराम चंद्र हम सबके आराध्य हैं। विगत 22 वर्षों से आगेसरा में रामधुनी का आयोजन होना, अध्यात्म दर्शन, सांस्कृतिक, धार्मिकता का परिचायक है। महामंत्री रूपेंद्र शुक्ला ने कहा कि मानव जीवन का प्रत्येक सुख दुख कार्य सियाराम से प्रारंभ होता है। मंच संचालन ओमप्रकाश वारधे ने किया। इस अवसर पर झुनकू राम साहू, सरजू राम साहू, भानुप्रताप साहू, कन्हैया लाल साहू, जसवंत साहू, योगेश यादव, नूरेंद्र साहू, ओमप्रकाश साहू, तीरथ पटेल, भूपेंद्र साहू, दुजराम साहू, घासीराम पटेल सहित समिति के सभी सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

## केंद्र से 240 ई-बसों की मंजूरी रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, दुर्ग भिलाई में जल्द शुरू होगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर पीएम ई-बस सेवा योजना के तहत भारत सरकार द्वारा प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन के लिए 240 ई-बसों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इनका संचालन राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई में किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में सार्वजनिक परिवहन के ढांचे को दुरुस्त करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा पीएम ई-बस सेवा योजना प्रारंभ की गई है। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा रायपुर के लिए 100, बिलासपुर, कोरबा और दुर्ग-भिलाई के लिए 50-50 तथा कोरबा के लिए 40 ई-बसें स्वीकृत की गई हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने बताया कि सार्वजनिक परिवहन सेवा की इस अभिनव योजना में केंद्र सरकार द्वारा शहरों को बसों की खरीद तथा उनके संचालन के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

---

**तेज ध्वनी से राहगीरों, मरीजों को हो रही परेशानी**

## तेज आवाज में डीजे बजाया, साउंड बाक्स सहित अन्य सामान पुलिस ने किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

पुलिस द्वारा वाहन में तेज आवाज से डीजे बजाने पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई छग कोलाहल अधिनियम के तहत की गई। जिसमें एक टाटा एस वाहन क्रमांक सीजी 04 जेबी 9431, उसमे लदा हुए 2 नग साउण्ड बाक्स, एक नग एमप्ली फायर को जब्त किया गया।

ग्राम पुरूर के दुर्गावती चौक के पास साहू साउण्ड सर्विस के संचालक ग्राम बोरिदखुर्द थाना रूद्वी जिला धमतरी निवासी योगेश कुमार




साहू उम्र 20 वर्ष डीजे में तीव्र ध्वनी से संगीत बजा रहा था। जिससे आसपास के राहगीरों, अन्य ग्रामीणों, मरीजों को काफी परेशानी हो रही थी। अनावेदक को मौके पर जाकर तीव्र ध्वनी से संगीत बजाते मिलने पर गवाहों के समक्ष डीजे बजाने के संबंध मे वैधानिक अनुज्ञप्ति प्रस्तुत करने धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस दिया। उसके पास किसी प्रकार से कोई अनुमति आदेश नहीं होने पर अनावेदक पर धारा 5, 15 के तहत कार्रवाई करते हुए वाहन क्रमांक सीजी 4 जेबी 9431 एवं उसमे लदा हुआ 2 नग साउण्ड बॉक्स, एक नग एमप्ली फायर को मौके पर जब्त किया गया।

---

पेज 9 का शेष

### हिंदी भाषा विश्व में बोली ...

करते हुए कहा कि दिवस श्रेष्ठ का ही मनाया जाता है कमजोर का नहीं । हमारी हिंदी भाषा विश्व में बोली जाने वाली अग्रणी भाषाओं में से एक है। हिंदी ही वह भाषा है जिनके बदौलत हमारा महान राष्ट्र एकता के सूत्र में बंधे हुए हैं। हिंदी भाषा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें अपने अंदर अन्य भाषाओं को समाहित करने की शक्ति है। कोबा के लालेश्वर अरुणाभ ने कहा हिंदी पर अन्य भाषाओं का दखल उन्हें घुन की तरह खोखला बना रहा है । कवियत्री हर्षा देवांगन ने कहा कि हमारे भारत देश को स्वतंत्र हुए 77 वर्ष हो चुके हैं । हिंदी को राष्ट्रभाषा की दर्जा मिला है परंतु कार्यालयीन कार्यों में हिंदी का उपयोग नाम मात्र होता है। दस्तावेज अंग्रेजी में प्रचलित है । विचार के अंत में हिंदी को मान देती कविता पढ़ी।



















## ख़बर संक्षेप



### गणेश उत्सव समिति ने किया जसगीत का आयोजन

**बालोद।** ग्राम पसौद में गणेश उत्सव समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से जसगीत का आयोजन किया गया। इसके उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि निजी चिकित्सा संघ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. हरिकृष्ण गंजीर थे।

### लापरवाही, 14 निगम कर्मियों को नोटिस

**भिलाई।** नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु आरक्षण के संबंध में अन्य पिछड़ा वर्ग के सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले भिलाई निगम के 14 कर्मियों को नोटिस जारी किया गया है। हैरत की बात यह है कि इनमें 12 कर्मचारी बीएलओ कार्य करने वाले हैं और दो कर्मचारी वार्ड नोडल अधिकारी हैं। बीएलओ सुरेश रामटेके पंप सहायक, पौलूस मसीह पंप सहायक, राजाराम निषाद हेल्पर, मिथलेश कुमार पाण्डेय पंप सहायक, विवेक साहू स्वच्छता पर्यवेक्षक, रोहित कुमार सिंह सहायक ग्रेड 3, राजेन्द्र तिवारी उपराजस्व निरीक्षक, उमेश कोरी, भृत्य, सोनू सोनवानी, भृत्य, हेमादास मानिकपुरी पंप सहायक, यतराम चंद्राकर, पंप सहायक, विकास बेलकर हैं। वार्ड नोडल अधिकारी जयेन्द्र मेश्राम और अन्नपूर्णा बंजारे सहायक राजस्व निरीक्षक को नोटिस जारी किया गया है।

### टाउनशिप से हटाई गई अवैध प्रचार सामग्री

**भिलाई।** बीएसपी, नगर सेवाए, एनफोर्समेंट डिपार्टमेंट द्वारा टाउनशिप से अवैध प्रचार सामग्री और आवारा मवेशी हटाये गये। संयंत्र परिसर के भीतर सड़क दुर्घटना रोकने हेतु विभिन्न विभागों के आस पास से 15 आवारा मवेशी पकड़ कर भिलाई निगम निगम द्वारा संचालित कोशा नगर गौठान के सुपुर्द किया गया। प्लांट के भीतर हरियाली होने के वजह से ये आवारा मवेशी घुस कर विभिन्न सड़कों पर बैठ जाते है, जिनके वजह से विभिन्न शिफ्ट में ड्यूटी जाने वाले कार्मिकों का सड़क को दिक्कतों का सामना पड़ता है। सेंट्रल एवेन्यू तथा रोड नंबर पांच से करीब 400 से अवैध बैनर, पोस्टर तथा होर्डिंग हटाए गया।

### पत्थर से युवक की हत्या, नाले के दलदल में फंसा आरोपी

**भिलाई।** आपस में युवकों के बीच विवाद गहराने के बाद एक बड़ी घटना हो गई। आरोपी युवक ने अपने ही दोस्त की हत्या पत्थर से सिर कुचलकर कर दी। हत्या करने के बाद वह भागने लगा लेकिन नाले के दलदल में जा फंसा और रात भर अचेत पड़ा रहा। अचेतावस्था में उसे लाने के बाद हत्या का राज खुला। आरोपियों में मृतक को मोबाइल दिलाने और शराब पिलाने के नाम पर अपने साथ ले गए थे। मृतक नरेंद्र गायकवाड़ अपने दोस्त आयुष और निकेश के साथ जामुल मोबाइल लेने आया था । यहां पर उसे जितेंद्र वर्मा निवासी ढौर मिला। उसके साथ दो और लड़के थे। जितेंद्र वर्मा उसको मोबाइल दिलाने और शराब पिलाने की बात कहकर बीईसी कंपनी के पीछे ख़ाली मैदान पर ले आया। जहाँ सुनसान जगह पर मौका पाकर जितेंद्र वर्मा और उसके साथ आए 2 अन्य लड़कों ने मारपीट शुरू कर दी। आयुष और निकेश ने बताया हम लोगों को भी मारे हम लोग भागे और आरोपी जितेन्द्र ने मृतक नरेंद्र के सिर पर पत्थर से वार किया । आरोपी जितेंद्र वर्मा भागने के फिराक में दलदली नाले में गिर कर अचेत हो गया।

**चर्चा :** कहा-सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही

# डीजे पर प्रतिबंध, जनप्रतिनिधियों में नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

हाईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर जिला पुलिस प्रशासन ने जहां भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जित करने के दौरान डीजे या लाउडस्पीकर बजाने में पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है और नियम का उल्लंघन करने वाले पर कड़ी कार्यवाही करने के स्पष्ट निर्देश दिया है, तो वहीं अब इस पूरे मामले में राजनीतिक दलों द्वारा प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। बालोद नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने इस पूरे मामले को लेकर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और पुरानी परंपराओं को तोड़ने वाला प्रतिबंध बताया है।

नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा कि जिस प्रकार से डीजे और धूमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है, वह पूरी तरह से धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाने और पिछले कई वर्षों से चली आ रही परंपरा को तोड़ने वाला प्रतिबन्ध है। इस निर्णय पर तत्काल पुनः विचार किया जाना चाहिए। वर्तमान समय में जहां एक तरफ इस निर्णय से गणेश समितियों के युवाओं की पिछले कई दिनों की तैयारी को एक झटके में बेकार कर दिया। वहीं दूसरी तरफ धुमाल, डीजे से संबंधित व्यवसाय के लोगों का व्यवसाय क्षीन लिया है। गणेश विसर्जन में जिस प्रकार पिछले कई वर्षों में झांकी की परंपरा शहर में रही है, उस दिन का लोग इंतजार करते हैं। आस पास गांव के लोग भी भगवान गणेश विसर्जन की झांकी देखने हजारों की संख्या में उमड़ते हैं, उन सब को निराश करने वाला यह निर्णय है।





### गणेश उत्सव समिति के सदस्यों में नाराजगी

शहर में करीब 20 गणेश उत्सव समिति हैं, जो प्रत्येक वर्ष एक साथ झांकी और भगवान गणेश की प्रतिमाओं को विसर्जन शोभायात्रा डीजे, धुमाल के साथ निकालते हैं। इस बार पुलिस प्रशासन द्वारा कड़े नियम बनाने के कारण समिति के सदस्यों में काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। लोग मायूस भी हैं, क्योंकि लाखों रुपये खर्च कर समिति द्वारा धूमधाम से विसर्जन करने की तैयारी की गई, लेकिन समिति के उम्मीद पर पानी फिरते नजर आ रहा है। मामले में नगर पालिका अध्यक्ष विकास चोपड़ा ने कहा कि कारण जो भी हो इस प्रकार का निर्णय कहीं से भी उचित नहीं है, धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले इस फैसले को तत्काल वापस लिया जाना चाहिए।

**नियम का उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई**

डीजे या लाउडस्पीकर नहीं बजेगा, भले ही ढोल नगाड़ों के साथ विसर्जन कर सकते हैं। नियमों का उल्लंघन करने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**रविशंकर पांडेय,** थाना प्रभारी



### अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास : नपा अध्यक्ष

नगर पालिका अध्यक्ष विकास ने कहा कि सरकार को यह जवाब भी देना चाहिए कि क्या यह निर्णय तत्काल इस लिए लागू किया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में प्रदेश के कुछ जगहों पर गणेश पंडालों में घटनाएं घटी और सरकार ऐसी घटनाओं को रोकने में विफल रही है। अगर ऐसा है, तो सरकार अपनी विफलताओं को छिपाने का प्रयास कर रही है या फिर आगामी विसर्जन में कानून वयवस्था बनाए रखने में भी सरकार खुद की पुलिस और प्रशासन पर विश्वास नहीं कर पा रही है।



# ईद मिलाद-उन-नबी के जुलूस में पिलायी गई फ्रूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के महामंत्री एवं नगर पंचायत के विधायक प्रतिनिधि कैलाश राजपुत ने नगर के समस्त मुसलमान भाइयों को ईद मिलाद-उन-नबी पर दिली मुबारकबाद दी एवं रैली में निकले सभी सामाजिक सदस्यों को फ्रूटी पिलायी। उन्होंने कहा-पैगंबर हजरत मुहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश का यह दिन हमें उनके दिखाए नेक रास्तों पर चलने की प्रेरणा देता है। आज के मौके पर मैं देश-दुनिया में अमन-चैन और लोगों की खुशहाली के लिए कमाना करता हूं।

इस मौके पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश महासचिव अतीक कुरैशी, पूर्व एल्डरमैन अश्वनी जायसवाल, नितिन साहू, जिला युवा कांग्रेस महासचिव शोएब रजा, एनएसयूआई अध्यक्ष साहिल रजा, शाहरुख खान, अल्ताफ रजा एवं समस्त नगर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कबड्डी में सुखरी प्रथम, दूसरे स्थान पर रही करहीभदर की टीम

**बालोद।** ग्राम मोखा व चराचर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उन्होंने युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता में प्रथम सुखरी की टीम ने प्राप्त किया, दूसरा स्थान करहीभदर ने तथा तीसरा स्थान भोथिपार की टीम ने प्राप्त किया।

ग्राम चराचार में एक दिवसीय कब्बड्डी प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि सदस्य ज़िला पंचायत पुष्पेंद्र चन्द्राकर थे। अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष कांग्रेस गुंडरदेही भोज साहू, बिसेसर पटेल, घनश्याम टण्डन, नोमन दास मनिकपुरी, खेमराज चन्द्राकर, लेखराम चन्द्राकर, चैत राम निषाद, प्रीतम कुमार, मिथलेश कुमार, सतीश यदु, मनेंद्र रजक विशेष अतिथि के रुप में मंचासीन थे। मुख्य अथिति पुष्पेंद्र चन्द्राकर ने कहा युवाओं द्वारा कबड्डी का आयोजन गांव में होने से ग्रामीण अंचल के बच्चों को प्रेरणा मिलती हैं, जिससे खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर मिलता हैं। ऐसा आयोजन होना चाहिए, ऐसे अयोजनों से युवाओं को ऊर्जा मिलती है, युवा संगठित होकर एक राय से कार्य करते हैं, उनमें आपसी सहयोग, भाईचारा की भावना जागृत होती है, आपसी सामंजस्य से कार्य करने का गुण विकसित होता है। ऐसे आयोजन में मेरा सहयोग हमेशा रहेगा। पुष्पेंद्र चन्द्राकर नें कहा आप लोग जब आने वाले समय में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर प्रो कब्बड्डी में खेलेंगे तो हमारा आयोजन सफल होगा। प्रतियोगिता समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से सफल आयोजन हुआ।







# कॉलेज में हुआ वाणिज्य परिषद का गठन

**अंडा।** स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय शासकीय महविद्यालय निकुम में वाणिज्य परिषद का गठन किया गया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा जायसवाल ने परिषद के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छात्रों के अंदर नेतृत्व गुणों का विकास करने के लिए परिषद का गठन किया जाता है।

प्राचार्य डॉ. डीके बेलेंद्र ने सभी पदाधिकारी को पद की गरिमा एवं अक्षुण्णता बनाए रखने की शपथ दिला। वाणिज्य परिषद के अध्यक्ष के रूप में भावना निर्मलकर बीकॉम अंतिम वर्ष, उपाध्यक्ष धारिणी देशमुख बीकॉम अंतिम वर्ष, सचिव योगिता साहू बीकॉम द्वितीय वर्ष सहसचिव गेंदालाल साह बीकॉम द्वितीय वर्ष, कोषाध्यक्ष यामिनी बीकॉम तृतीय वर्ष तथा नंदिता, हिना साहू एवं हिमांशु बीकॉम प्रथम वर्ष छात्र-छात्राओं को परिषद का सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर महविद्यालय के सहायक प्राध्यापक वेदप्रकाश ठाकुर, जीवन्तिका ठाकुर, ओम प्रकाश विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन पूजा सोढ़ा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ने किया।

# छात्रों ने ली शाला परिसर में स्वच्छता बनाये रखने की शपथ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला सम्बलपुर लो में एक सितंबर से स्वच्छता पखवाड़ा की शुरुआत की गई। इसमें शासन के निर्देशानुसार प्रतिदिन स्वच्छता जागरूकता से सबंधी विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ पीएम श्री स्कूल में बाल संसद ने लोगों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

किसी भी देश व समाज के आर्थिक व राजनीतिक विकास में, सामाजिक चेतना के संचार में शिक्षा के मंदिर का बहुत बड़ा योगदान व दायित्व होता है। इसलिए शासन की सभी कल्याणकारी योजनाओं का केन्द्र बिंदु विद्यालय से ही होकर गुजरती है। पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखना हर व्यक्ति और समाज के जिम्मेदारी और कर्तव्य है।

साफ सफाई से संबंधित छोटे छोटे कार्य करके व्यक्ति स्वच्छता अभियान को अपने दिनचर्या में बदल सकता है, जिसे समय-समय पर विद्यालय व स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा विभिन्न रचनात्मक कार्य, नुक्कड़ करके जनजागरण अभियान द्वारा समुदाय को जागरूक किया जाता है। इसी कड़ी में स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों व बच्चों द्वारा शाला परिसर व अपने आसपास के जगह में स्वच्छता बनाये रखने और लोगों को प्रेरित करने की शपथ ली।छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर स्वच्छता अभियान में समुदाय को जोड़ने एवं जनजागरण कर सफाई व शौचालय का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। बाल संसद ने टोली बनाकर शाला परिसर के आसपास की साफ सफाई, स्वच्छता संबंधित नारे और नाटक का प्रदर्शन किया।

### बालश्रम के कानूनी प्रावधान की दी जानकारी

बेगलेश डे (शनिवार के दिन) शिक्षक अनिल दिल्लीवार द्वारा बालश्रम के कानूनी प्रावधान के संबंध में और बाल विवाह नियम के बारे में विस्तार से बताया और बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम द्वारा स्वच्छता के साथ-साथ स्वास्थ्य प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शाला के प्रधानपाठक वीणा ठाकुर, शिक्षक अनिल दिल्लीवार, कुमार संभव देवांगन, सुनीता साहू, राजेश्वरी साहू के मार्गदर्शन में शाला नायक डिकेश कुमार, उप शाला नायक ईशा, शिक्षा मंत्री थानेश्वर, उप शिक्षा मंत्री तामेश्वरी, सफाई मंत्री उमाशंकर, उप सफाई मंत्री योगिता, स्वास्थ्य मंत्री वरुण देवांगन, उप स्वास्थ्य मंत्री महिमा, सांस्कृतिक मंत्री रोहन, उप सांस्कृतिक मंत्री वर्षा ने योगदान दिया।

### रिसामा में 6.30 लाख के नवीन विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ

# विकास के लिए आवागमन की बेहतर सुविधा जरूरी : सांसद विजय बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम रिसामा में 4.30 लाख से निर्मित होने वाले सीसी रोड निर्माण कार्य एवं 2 लाख रुपए का सामुदायिक भवन

■ भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद और विधायक

मरम्मत कार्य का भूमिपूजन मुख्य अतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल ने किया। अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और विशेष अतिथि सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन शामिल हुए।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, महामंत्री पुकेश चंद्राकर , रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र सेंडे, महामंत्री राजु जंघेल, लेखदास साहू, डिलेश साहू, अजीत चंद्राकर, हुबलाल चंद्राकर योगेंद्र दिल्लीवार, कुमार पटेल, मन्नुलाल साहू, कामता पटेल, रामदास साहू, मोरजध्वज साहू, गुहाराम निर्मलकर, चंद्रकांत सेन, विकास साहू, हमीत निर्मलकर,ताहिल साहू,मंशाराम क्षत्रिय राजाराम साहू, राजेंद्र साहू, परमेश्वर साहू उपस्थित हुए। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा विधायक ललित चंद्राकर के प्रयासों से दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य जारी है। क्षेत्र के सर्वांगीण विकास सड़क मार्ग और आवागमन की बेहतर सुविधा होने से होती है। आज सीसी रोड़ का भूमि पूजन किया गया है। कुछ दिनों में तैयार हो जाएगा। लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। केंद्र और राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। क्षेत्र के विकास में पैसों की कमी नहीं होगी। ग्रामवासियों की जो भी मांगा होगी, उसे पूरी तन्यता के साथ पूरा करेंगे। सभा में विधायक ललित चंद्राकर ने कहा छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की अगुवाई वाली एनडीए सरकार में किसानों, गरीबों, वंचितों, युवाओं, महिलाओं एवं नव-मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए समावेशी और विकासोन्मुखी शासन की दिशा में आगे बढ़ रही है। साय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव आया है। हमारा उद्देश्य अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति तक विकास पहुंचना है और विकसित भारत के संकल्प को पूरा करते हुए भारत को 2047 तक विकसित भारत की श्रेणी में लाना है।



# हायर सेकंडरी में हुआ पौधारोपण



**गुण्डरदेही।** एक पेड़ मां के नाम के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अचौद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवकों द्वारा प्रभारी शिक्षक टीएल साहू के निर्देशन में गोद ग्राम खुटेरी में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर आस पास की स्वच्छता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से ग्राम पंचायत खुटेरी के सरपंच, पंच एवं ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष व समस्त शिक्षक उपस्थित थे।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

स्वामी जी 93406-38884
By Train- रिजर्वेशन कोच
तिरूपति बालाजी में दर्शन की गारंटी समिति की रहेगी
रामेश्वरम धाम यात्रा
तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, सुन्द्रेश्वर महादेव, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, पद्मनादम् स्वामी, केरला, कन्याकुमारी
यात्रा दिनांक: 13 अक्टूबर 2024, 21 दिसंबर 2024, 19 जनवरी 2025, 16 मार्च 2025
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18,500/-, 3AC-29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
18 सितम्बर से 30 सितम्बर 2024
09 अक्टूबर से 21 अक्टूबर 2024
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024
19 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ), गोरखनाथ मंदिर, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंठ, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411